दिन– रविवार

दिनांक– 23/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी दो हजार चौबीस में अनियमितताओं के मामले की जांच सीबीआई को सौंपा।
02. आज होने वाली नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित। परीक्षा की नई तिथि जल्द होगी घोषित।
03. वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद ने प्लेटफार्म टिकट पर जीएसटी हटाया। स्टील, लोहा और एल्युमिनियम निर्मित दूध के डिब्बों पर एक समान बारह प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की।
04. और, प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कल से बढ़ने की सम्भावना। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी और उत्तर–पूर्व भागों के कई स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि सरकार परीक्षाओं में विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, केन्द्र सरकार ने परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम दो हजार चौबीस लागू कर दिया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

---

बिहार पुलिस ने नीट–यू.जी. परीक्षा दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में झारखण्ड के देवघर जिले से छह लोगों को गिरुफ्तार किया है। देवघर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि संदग्धिों को देवीपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एम्स, देवघर के निकट के एक मकान से पकडा गया और बाद में बिहार भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई इस मामले की छानबीन कर रही है।

---

नीट–यूजी के पन्द्रह सौ तिरेसठ छात्र आज देश के विभिन्न केन्द्रों पर फिर से परीक्षा दे रहे हैं। इन केन्द्रों पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि देश के छह केन्द्रों पर परीक्षा शुरू होने में देरी के कारण समय के नुकसान के लिए छात्रों को ग्रेस अंक दिये गये थे, जिन्हें बाद में वापस ले लिया गया था।

---

नीट परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

---

नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा आज होने वाली थी। परीक्षा की नई तिथि जल्दी ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित कदाचार के हाल के आरोपों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया का समग्र आकलन कराने का फैसला किया गया है।

---

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद ने स्टील, लोहा और एल्युमिनियम निर्मित दूध के डिब्बों पर एक समान बारह प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में तिरेपनवीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू होने जा रहा है। इससे सरकार को फर्जी चालान के जरिए किए गए फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकट, प्रतीक्षालय और विश्राम कक्ष समेत यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही कई सुविधाओं को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी मुकदमे कम करने के उद्देश्य से परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए बीस लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए एक करोड़ रुपये और उच्चतम न्यायालय के लिए दो करोड़ रुपये की सीमा की सिफारिश की है।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि समय से कर अंतरण, वित्त आयोग अनुदान और जी.एस.टी. क्षतिपूर्ति बकाया की केंद्रीय सहायता का उद्देश्य राज्यों

के विकास के गति देना है। बिहार समेत कई राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श में श्रीमती सीतारामन ने राज्यों से केन्द्र की विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अधिकांश ऋण समायोजी हैं। कुछ ऋणों के लिए जन केन्द्रित सुधार और क्षेत्र विशेष पूंजीगत परियोजनाएं लागू करने की शर्त है। बैठक में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिसा, राजस्थान और तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री के साथ अन्य राज्यों के वित्त मंत्री उपस्थित थे।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पूर्व चर्चा में भाग लेते हुये राज्य के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत मदद देने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के सामने कई मांगे रखी। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश को सात मेडिकल कॉलेजों और नौ नये एयरपोर्ट के विकास के लिए मदद देने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्य की महत्वाकांक्षी कोसी–मेची लिंक नदी जोड़ परियोजना के लिए चालू वित्त वर्ष में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही रसोई सहायकों के लिए मानदेय बढोतरी और प्रारंभिक शिक्षा तथा शिक्षकों के वेतन के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त फंड की मांग की।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज उच्चस्तरीय बैठक में देश में बाढ प्रबंधन की समग्र तैयारियों की समीक्षा करेंगे। यह बैठक दिल्ली में बुलाई गई है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि हर साल मॉनसून की बारिश के दौरान बिहार, असर और अन्य पूर्वी राज्यों में नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से बाढ़ आता है और लोगों के जन–जीवन पर असर पड़ता है। इससे निजात पाने के लिए बाढ़ प्रबंधन की तैयारी की जायेगी।

---

राज्य के भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन दी जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में शिविर लगाकर भूमिहीन लोगों के बीच बासगीत पर्चा वितरित किया जाएगा। किशनगंज में उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ आवास बनाने की घोषणा की है, उसका सीधा लाभ प्रदेश के गरीब नागरिकों को भी मिले इसके लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

–––बाईट–––

राजस्व मंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य फिर से शुरू की जा रही है। इसके साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

———बाईट———

---

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। श्री दलाई लामा ने कहा कि वह भारत में युवाओं के बीच प्राचीन भारतीय ज्ञान और बुद्धिमत्ता में बढ़ती रुचि से उत्साहित हैं।

---

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा सांसद और अस्थाई अध्यक्ष भतृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की छब्बीस जून को होगा। अगले दिन सत्ताईस जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

---

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केन्द्र सरकार जल्द ही राज्य में निर्यात और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एपेडा का क्षेत्रीय कार्यालय खोलेगी। राजधानी पटना के ज्ञान भवन में दो दिवसीय आम महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर श्री पांडेय ने कहा कि इससे फल निर्यात करने में किसानों को आसानी होगी और उन्हें उत्पादन का बेहतर मूल्य दिलाने में मदद मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में पन्द्रह प्रतिशत हरित भूमि है, इसे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में उत्पादित आम और लीची सहित अन्य फलों को विदेशों में भेजने की तैयारी की जा रही है।

---

भारतीय मानक ब्यूरो– बी.आई.एस. ने विद्युत वाहनों की सुरक्षा बढाने के लिए दो नए मानक लागू किए हैं। ये मानक बैटरी की सुरक्षा और सक्षमता पर बल देते हैं। नए मानक एल, एम और एन श्रेणियों के बिजली चालित वाहनों के लिए हैं। इसके साथ ही विद्युत वाहन और इनके उपकरणों के लिए भारतीय मानकों की संख्या तीस हो गई है। इनमें चार्जिंग प्रणाली के मानक भी शामिल हैं। नए मानक पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कल से बढ़ने की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार इसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी और उत्तर–पूर्व भागों के कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात हो सकती है। इधर, आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक मॉनसून की गति सामान्य रहेगी और यह राज्य के दक्षिणी भागों में भी पहुंच जाएगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वजीरगंज में सबसे अधिक चौवालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, अररिया के कुर्साकाटा में बयालीस दशमलव चार मिलीमीटर और फारबिसगंज में तैंतीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

किशनगंज जिले के रामपुर चेक पोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कार से बिना कागजात के नगद सैतालिस लाख रुपए बरामद किया है। पुलिस चालक सहित कार में सवार तीन व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

---

आई.सी.सी. टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में एंटीगा में भारत ने बंगलादेश को पचास रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बीस ओवर में पांच विकेट पर एक सौ छियानवे रन बनाए जबकि बंगलादेश की पारी आठ विकेट पर एक सौ छियालीस रन पर ही सिमट गई। इस जीत के साथ ही भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के निकट पंहुच गया है और बंगलादेश इस दौड़ से बाहर हो गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पटना में आयोजित आम महोत्सव को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है–आम महोत्सव में चार सौ से अधिक किस्मों की लगी है प्रदर्शनी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– चिकित्सा महाविद्यालयों में नियुक्त होंगे तेरह सौ उनतालीस सहायक प्राध्यापक।

दैनिक भास्कर ने नीट परीक्षा पर लिखा है– हजारीबाग से लीक हुआ था पर्चा। पेपर बॉक्स से भी हुई थी छेड़छाड़।

प्रभात खबर ने टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप को पहले पन्ने पर जगह देते हुये लिखा है– बांग्लादेश को हरा भारत का सेमीफाईनल में दावा पुख्ता।

राष्ट्रीय सहारा ने नीट परीक्षा को बड़ी खबर बनाया है। अखबार का शीर्षक है– देवघर से भी छह हिरासत में। सभी आरोपी नालंदा जिले के है निवासी।

आज अखबार की सुर्खी है– सीवान में गंडक नहर पर बना पुल ध्वस्त।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी दो हजार चौबीस में अनियमितताओं के मामले की जांच सीबीआई को सौंपा।
02. आज होने वाली नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित। परीक्षा की नई तिथि जल्द होगी घोषित।
03. वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद ने प्लेटफार्म टिकट पर जीएसटी हटाया। स्टील, लोहा और एल्युमिनियम निर्मित दूध के डिब्बों पर एक समान बारह प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की।
04. और, प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कल से बढ़ने की सम्भावना। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी और उत्तर–पूर्व भागों के कई स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।